# 13 नए इंक्यूबेटर खुलेंगे स्वरोजगार में होगा लाभ

राज्य मुख्यालय | विशेष संवाददाता

युवाओं को अब स्टार्टअप शुरू करने में और मदद मिलेगी। प्रदेश सरकार ने 13 नए सरकारी इन्क्यूबेटरों को मान्यता दे दी है। आईटी व इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग के अपर मुख्य सचिव अरविंद कुमार की अध्यक्षता में गठित नीति कार्यान्वयन इकाई ने गुरुवार को इन्क्यूबेटरों को अनुमोदन दे दिया। अब प्रदेश में 37 इंक्यूबेटर हैं। इनमें आईआईटी कानपुर, छत्रपति शाहूजी महाराज विवि, इंट्रीग्रल विवि में बनने वाले इंक्यूबेटर शामिल हैं।

अरविंद कुमार ने बताया कि प्रदेश सरकार ने नई स्टार्टअप नीति-2020 लागू की है और इसके लिए अगले पांच वर्षों में 100 इंक्यूबेटरों की स्थापना की जानी है। वहीं हर जिले में अनिवार्य रूप से एक इंक्यूबेटर की स्थापना की जानी है। यह इन्क्यूबेटर्स प्रदेश के विभिन्न जिलों में स्थापित होंगे। पूर्वांचल और बुन्देलखण्ड में अब छह इंक्यूबेटर हो गए हैं। पांच इंक्यूबेटरों की स्थापना उच्च शिक्षा विभाग करेगा। इंटीग्रल विवि लखनऊ व आईआईटी कानपुर में इंक्यूबेटर खोले जाएंगे।

## स्टार्ट अप नीति

- सरकार ने 13 नए सरकारी इन्क्यूबेटरों को मान्यता दी
- पांच वर्षों में 100 इंक्यूबेटरों की स्थापना की जानी है